मध्यप्रदेश शासन
खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

विभागीय प्रशासकीय
प्रतिवेदन
2006–2007

भोपाल
शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय
2007

मध्यप्रदेश शासन
खाद्य, नागरिक आपूर्ति एंव उपभोक्ता संरक्षण विभाग

विभागीय प्रशासकीय प्रतिवेदन
वर्ष 2006–2007

प्रभारी मंत्री	श्री गोपाल भार्गव
प्रमुख सचिव	डॉ. ए. एन. अस्थाना
सचिव	श्री जी. के. श्रीवास्तव
उप सचिव	श्री ए. के. जैन
अवर सचिव	सुश्री सुषमा शर्मा (दिनांक 18.10.06 तक) श्री एल.पी. जैन (दिनांक 8.11.06 से)
विभागाध्यक्ष	श्री प्रभांशु कमल (दिनांक 24.9.2006 तक) श्री के.पी. सिंह (दिनांक 2.1.2007 से) आयुक्त सह संचालक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्री ए.के. सिंह (दिनांक 05.6.2006 तक) श्री योगेन्द्र शर्मा (दिनांक 06.06.2006 से) नियंत्रक, नाप तौल

भोपाल
शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय
2007

<u>विषयानुक्रमाणिका</u>

क्रमांक	विषय	पृष्ठ संख्या
1	2	3
1	प्रस्तावना	1
2	विभाग द्वारा प्रशासित अधिनियम और नियम	1
3	विभाग के अंतर्गत आने वाले संचालनालय, आयोग तथा निगम	1
4	संचालनालय, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण	2 से 12
	<u>प्रमुख गतिविधियां</u>	3
	सार्वजनिक वितरण प्रणाली	3
	प्रदाय व्यवस्था	3
	केन्द्र से राज्य के खाद्यान्न एवं शक्कर का आवंटन	4
	उचित मूल्य दुकाने	4
	राशनकार्ड	4
	अन्त्योदय अन्न योजना	4
	पहुंचविहीन क्षेत्रों में भण्डारण	5
	पेट्रोलियम पदार्थो का वितरण	5 से 6
	पायलेट प्रोजेक्ट जन केरोसीन परियोजना	6
	निरीक्षण, निगरानी, आडिट, जनभागीदारी	6 से 7
	सिटीजन चार्टर	7
	सूचना का अधिकार	7 से 8
	आवश्यक वस्तु अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी	— 8
	निगरानी, मूल्य नियंत्रण एवं निरीक्षण तथा छापे	8 से 9
	समर्थन मूल्य पर खाद्यान्न उपार्जन	9 से 10
	चावल उपार्जन	10
	उपभोक्ता संरक्षण	11
	दुकान—सह—गोदाम का निर्माण	11
	आयोडीनयुक्त नमक का वितरण	11
	संसदीय कार्य	11
	न्यायालयीन प्रकरण	12
	महिला नीति 2003—2007	
5	नापतौल (विधिक माप विज्ञान) स्थापना	12 से 15
	राजस्व आय	13
	अपराधों का पंजीयन	14
	अनुज्ञप्तियां	14
	न्यायालयीन प्रकरणों की स्थिति	14
	संसदीय कार्य	15
	नापतौल कार्यालय का बजट	15

क्रमांक	विषय	पृष्ठ संख्या
1	2	3
6	राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग	16 से 18
7	विभाग का बजट	18 से 20
8	म.प्र.स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन	21 से 22
9	म.प्र.वेयर हाउसिंग एण्ड लाजिस्टिक कार्पोरेशन	22 से 25
10	परिशिष्ट–एक(प्रदेश में स्थित भा. खा. निगम के बेस डिपो)	26 से 27
11	परिशिष्ट–दो (प्रदेश में स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के जिलेवार प्रदाय केन्द्र)	28 से 29
12	परिशिष्ट–तीन (प्रदेश में लीड एवं लिंक समितियों की संभागवार/जिलेवार जानकारी	30 से 31
13	परिशिष्ट–चार (लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों से वितरित की जाने वाली वस्तुओं की वर्तमान में उपभोक्ता दरें)	32
14	परिशिष्ट–पांच (खाद्यान्न आदि की प्रदाय मात्रा)	33
15	परिशिष्ट–छः (उचित मूल्य दुकानें)	34 से 35
16	परिशिष्ट–सात (प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डो की जानकारी)	36 से 37
17	परिशिष्ट–आठ (अन्त्योदय अन्न योजना प्रदाय कार्ड–मूल एवं विस्तारित प्रथम, द्वितीय, तृतीय चरण)	38 से 39
18	परिशिष्ट–नौ (प्रदेश में गत वर्षो की तुलना में मिट्टी तेल के आवंटन/उठाव की वर्षवार स्थिति)	40
19	परिशिष्ट–दस (पेट्रोलियम कंपनियों के पेट्रोल, डीजल, मिट्टी तेल तथा एल.पी.जी. डीलर्स की जानकारी)	41
20	परिशिष्ट–ग्यारह (केरोसीन डिपों की जानकारी)	42
21	परिशिष्ट–बारह (पेट्रोलियम कंपनियों के एल.पी.जी. बांटलिंग प्लांट)	43
22	परिशिष्ट–तेरह (जन केरोसीन परियोजना)	44
23	परिशिष्ट–चौदह (समर्थन मूल्य के अंतर्गत खाद्यान्न खरीदी की दरों की तुलनात्मक जानकारी)	45
24	परिशिष्ट–पन्द्रह (समर्थन मूल्य के अंतर्गत खाद्यान्न उपार्जन)	46

क्रमांक	विषय	पृष्ठ संख्या
1	2	3
25	परिशिष्ट–सोलह (प्रदेश में चावल उपार्जन के आंकड़े)	47
26	परिशिष्ट–सत्रह (प्रदेश में कार्यरत जिला उपभोक्ता विवाद फोरम की जानकारी)	48
27	सारांश	49

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

<u>प्रस्तावनाः–</u>

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अंतर्गत दो विभागीय स्थापनायें– यथा, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा नाप–तौल, सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग को भी उपभोक्ता फोरमों के कार्य पर्यवेक्षण के लिये विभागाध्यक्ष के अधिकार दिये गये हैं। विभाग को सौपें गये दायित्व इन स्थापनाओं के माध्यम से संपादित किये जाते हैं।

विभाग में प्रतिपादित नीति संबंधी विषय निम्नानुसार हैंः–

(1) खाद्यान्नः–

(क) मूल्य और बाजार सूचना (ख) प्राप्ति (ग) संग्रहण (स्टोरेज) (घ) राज्य में और राज्य के बाहर संचलन (ड़) वितरण जिसमें राषनिंग सम्मलित है।

(2) खाद्य पदार्थ, उदाहरणार्थः– खाद्यान्न, शक्कर, खाद्य तेल–मूल्य, संचलन और वितरण।

(3) नमक–मूल्य, संचलन और वितरण

(4) खाद्यान्न, शक्कर, गुड़, नमक, बिनौला और खली प्रभावी अन्य नियंत्रण

(5) गृह, कृषि और वाणिज्य तथा उद्योग विभागों से संबंधित पण्य वस्तुओं को छोडकर अन्य पण्य वस्तुओं पर नियंत्रण का प्रषासन।

(6) परिवहन–उन समस्त आवष्यक पण्य वस्तुओं का प्रयोजक परिवहन, जिनके संबंध में विभाग द्वारा कार्यवाही की जाती है।

(7) अन्य विभागों को सौंपे गये विषयों को छोडकर पेट्रोल, डीजल, मिट्टी का तेल, पेट्रोलियम और अत्यधिक ज्वलषील पदार्थों की बिक्री और वितरण पर नियंत्रण।

(8) (क)नियंत्रित कपड़े का नियंत्रण और वितरण (ख) सीमेन्ट नियंत्रण, वितरण और संचलन (ग) डीजल पेट्ोल और मिट्टी के तेल का वितरण।

(9) खाद्यान्न मिलिंग (Milling)उद्योग

(10) थोक और फुटकर मूल्यों का संकलन

(11) बॉट और माप

(12) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के अधीन राज्य में उपभोक्ताओं की षिकायतों का प्रतितोष।

विभाग द्वारा प्रषासित अधिनियम और नियम

1. आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955
2. पेट्रोलियम अधिनियम 1934
3. नाप–तौल अधिनियम 1959
4. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986

विभाग के अंतर्गत आने वाले संचालनालय तथा कार्यालय

विभाग के अधीन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय, नियंत्रक नापतौल, मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज़ कार्पोरेशन व मध्यप्रदेश राज्य भंडार गृह निगम कार्यरत हैं।

संचालनालय, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

संचालनालय के मुख्य कार्य निम्नानुसार हैः–

1. उपभोक्ताओं को खाद्यान्न, शक्कर, केरोसीन आदि आवश्यक वस्तुऐं उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से नियत दरों पर उपलब्ध करवाना।
2. लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली का कियान्वयन। केन्द्र से प्राप्त होने वाले खाद्यान्न आवंटनों का जिलेवार विभाजन जारी करना एवं उसकी समीक्षा।
3. आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत बने नियंत्रण आदेशों का परिपालन।
4. घोषित समर्थन मूल्य पर गेहूं, धान, ज्वार, मक्का, तथा बाजरा के उपार्जन की व्यवस्था कराना ताकि कृषकों को उपज का उचित मूल्य मिल सके।
5. मध्यप्रदेश चावल अधिप्राप्ति (उद्ग्रहण) आदेश, 1970 के प्रावधान के अनुरूप लेव्ही चावल का उपार्जन।
6. विभाग की ओर से विधिक एवं बजट नियंत्रण संबंधी समस्त कार्य।

स्थापना – मुख्यालय

राज्य पुर्नगठन के उपरान्त संचालनालय में निम्नानुसार पद स्वीकृत हैं :–

1	संचालक	1
2	संयुक्त संचालक	1
3	उप संचालक	2
4	उप संचालक लेखा	1
5	सहायक संचालक	3
6	तृतीय वर्ग कर्मचारी	61
7	चतुर्थ वर्ग कर्मचारी	13

जिला खाद्य कार्यालय

1	जिला आपूर्ति नियंत्रक	7
2	जिला आपूर्ति अधिकारी	34
3	सहायक आपूर्ति अधिकारी	145
4	कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी	401
5	लिपिक वर्गीय कर्मचारी	244
6	चतुर्थ वर्ग कर्मचारी	123

पदक्रम सूची की स्थिति

विभाग में निम्नानुसार पदक्रम सूचियां श्रेणीवार जारी की गई हैः–

(1) प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के राजपत्रित अधिकारियों की पदक्रम सूची दिनांक 1.4.2006 की स्थिति में जारी की जा चुकी है।

(2) संचालनयलयीन स्थापना लिपिकीय (तृतीय श्रेणी) एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की पदक्रम सूची दिनांक 1.4.2006 की स्थिति में जारी की जा चुकी है।

विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक की स्थिति

तृतीय वर्ग कार्यपालिक पदों के लिये विभागीय पदोन्नति समिति की दिनांक 4.1.2006 को बैठक आयोजित की गई। समिति के अनुशंसा अनुसार पदोन्नति संबंधी आदेश जारी किये जा चुके हैं तथा संचालनालयीन विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक दिनांक 14.12.2006 को आयोजित की गई। समिति की अनुशंसा अनुसार पदोन्नति संबंधी आदेश जारी किये जाने जारी किये जा चुके है।

प्रमुख गतिविधियां

सार्वजनिक वितरण प्रणाली

उपभोक्ताओं को खाद्यान्न, शक्कर, मिट्टी तेल आदि वस्तुऐं उचित दर पर उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से उपलब्ध कराने हेतु भारत शासन के निर्देशो के अनुसार 'लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली' दिनांक 01.06.97 से क्रियाशील है।

प्रदाय व्यवस्था

प्रदेश में भारतीय खाद्य निगम के 39 बेस डिपो स्थापित हैं। 25 बेस डिपो से ए.पी.एल. व बी.पी.एल. खाद्यान्न तथा 14 बेस डिपो से बी.पी.एल. खाद्यान्न प्रदाय किया जा रहा है। (परिशिष्ट 'एक ')

राज्य शासन की एजेन्सी के रूप में मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज़ कार्पोरेशन द्वारा खाद्यान्न बेस डिपो से एवं शक्कर कारखानों से शक्कर उठाकर अपने 187 प्रदाय केन्द्रों (परिशिष्ट 'दो') के माध्यम से 369 लीड एवं 5776 लिंक समितियों को उपलब्ध कराता है। लीड व लिंक समितियों का संभागवार विवरण (परिशिष्ट 'तीन') में उल्लेखित है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रदेश को केन्द्र शासन से प्रतिमाह गेहूं/चावल/शक्कर/मिट्टी तेल का आवंटन प्राप्त होता है। केन्द्र शासन की प्रदाय दरों में अनुषांगिक व्यय जोड़कर राज्य शासन द्वारा खाद्यान्न, शक्कर एवं केरोसीन की उपभोक्ता दरें निश्चित की जाती हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों से वितरित की जाने वाली वस्तुओं की उपभोक्ता दरें (दि. 31.12.2006 की स्थिति) परिशिष्ट 'चार' में दी गई हैं

केन्द्र से राज्य को खाद्यान्न एवं शक्कर का आवंटन

माह जनवरी 2007 की स्थिति में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रतिमाह निम्नानुसार आवंटन प्राप्त हो रहा है :–

(मात्रा मे.टन में)

खाद्यान्न	ए.पी.एल.	बी.पी.एल.	अन्त्योदय	योग
गेहूं	4740	61510	46179	112429
चावल	58570	28106	8578	95254
शक्कर	–	12509.4		12509.4

खाद्यान्न/शक्कर की प्रदाय मात्रा विवरण परिशिष्ट ''पांच'' में दर्शित है।

उचित मूल्य दुकानें

सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए दिनांक 01.03.92 से सहकारीकरण किया गया है। दिनांक 31.12.2006 की स्थिति में 20476 दुकानें संचालित हैं जिनमें से 3903 शहरी क्षेत्रों में तथा 16573 ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित है। सहकारी क्षेत्र में चलने वाली उचित मूल्य की दुकानों को हानि की प्रतिपूर्ति के लिए राज्य सरकार ने मापदण्ड नियत किये है तथा हानि की प्रतिपूर्ति के लिए बजट में प्रतिवर्ष प्रावधान किया जाता है। इस वर्ष रूपये 70,00,00,000/– का प्रावधान है। उचित मूल्य दुकानों का जिलेवार विवरण परिशिष्ट 'छह' में है।

राशनकार्ड

उपभोक्ताओं को उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से आवश्यक वस्तुऐं उपलब्ध कराने की दृष्टि से राशनकार्ड प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सभाओं तथा नगरीय क्षेत्रों में नगर निगम/नगरपालिका/नगर पंचायत विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) एवं केन्टोनमेन्ट बोर्ड को अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत राशनकार्ड बनाने के अधिकार हैं।

वर्ष 1991 तथा 1997–98 की सर्वे सूची के आधार पर गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले (बी.पी.एल.) परिवारों को राशनकार्ड प्रदाय किए जा चुके हैं। दि 31.12.2006 की स्थिति में प्रदेश में 9068708 ए.पी.एल. (सामान्य) राशनकार्ड तथा 4432250 बी.पी.एल. राशनकार्ड हैं। प्रदेश में ए.पी.एल, बी.पी.एल एवं अन्त्योदय अन्न योजना के राशन कार्ड नये सिरे से जारी किये जाने की प्रक्रिया जारी है। प्रदेश में बी.पी.एल. एवं ए.पी.एल. परिवारों को जारी किए गए राशनकार्डो की जिलेवार जानकारी परिशिष्ट ' सात' पर है।

अन्त्योदय अन्न योजना

यह योजना अति गरीब परिवारों के लिये दिनांक 6.3.2001 से प्रदेश में लागू की गई है। अति गरीब परिवारो को रू. 2.00 प्रति किलो गेहूं एवं रू. 3.00 प्रति किलो चावल के मान से 35 किलो खाद्यान्न प्रति परिवार, प्रति माह प्रदाय किया जा रहा है। योजनांतर्गत जनवरी, 2006 तक चार चरणों को मिलाकर प्रदेश के लिये 1581565 हितग्राहियों का लक्ष्य रखा गया था। वर्तमान संख्या में इस योजनांतर्गत 1556319 हितग्राही है, जिनके लिए 35 किलोग्राम प्रति परिवार प्रतिमाह के मान से वर्तमान में 54757 मे.टन खाद्यान्न का प्रतिमाह आवंटन भारत शासन से प्राप्त हो रहा है। इस योजना पर समस्त आनुषांगिक एवं परिवहन व्यय राज्य शासन द्वारा वहन किया जाता है। इस हेतु चालू वित्तीय वर्ष में रू. 35,00,00,000/– का प्रावधान स्वीकृत है। अन्त्योदय अन्न योजना में जिलेवार चयन सीमा एवं जारी किए गए राशनकार्डो की जानकारी परिशिष्ट 'आठ ' पर है।

शेष परिवारों के चयन एवं राशनकार्ड वितरण करने की प्रक्रिया प्रचलित है।

पहुंचविहीन क्षेत्रों में भंडारण

प्रदेश के ऐसे स्थानों, जिनके आवागमन मार्ग वर्षा ऋतु के दौरान अवरूद्ध हो जाते हैं, में खाद्यान्न, शक्कर तथा केरोसीन उपभोक्ताओं को सुलभ कराने की दृष्टि से वर्षा ऋतु के पूर्व ही संग्रहण किया जाता हैं । शासन द्वारा सहकारी समितियों को इन क्षेत्रों में आवश्यक वस्तुऐं चार माह के लिए संग्रहित करने हेतु बिना ब्याज का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। वर्ष 2006–07 में 1649 पहुंचविहीन केन्द्र के लिए बिना ब्याज का ऋण राशि रूपये 21,04,48,000/– उपलब्ध कराया गया है।

पेट्रोलियम पदार्थो का वितरण

केन्द्र शासन से प्रतिमाह 52320 के.एल. मिट्टी के तेल का आवंटन प्राप्त हो रहा है, जो चार तेल कंपनियों द्वारा थोक विक्रेताओं के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। उपभोक्ताओं को मिट्टी का तेल उचित मूल्य दुकानों, फुटकर विक्रेताओं एवं हॉकर्स के माध्यम से उपलब्ध होता है। हाट बाजारों में बिना राशनकार्ड के भी मिट्टी का तेल प्रदाय किया जाता है। इसके अतिरिक्त चलित उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से भी आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में मिट्टी का तेल उपलब्ध कराया जाता है। प्रदेश में मिट्टी तेल आयल कंपनी द्वारा 311 एवं जन केरोसीन के अंतर्गत स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के द्वारा 28 थोक विक्रेता, 614 सेमी होलसेलर, 1640 फुटकर केरोसीन अनुज्ञप्तिधारी तथा 1995 हॉकर्स कार्यरत हैं। मिट्टी के तेल के गत 05 वर्षो के तुलनात्मक आवंटन/उठाव की जानकारी परिशिष्ट 'नौ' में है।

उपभोक्ताओं को केरोसीन की सरल और सुगम उपलब्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केरोसीन के थोक विक्रेता अपने टैंकर्स से शासकीय उचित मूल्य दुकानों को सीधे केरोसीन उपलब्ध कराते हैं। यह योजना इंदौर, भोपाल एवं जबलपुर में अगस्त 1993 से प्रभावशील है।

तेल कंपनियों की प्रदाय दरों के आधार पर क्षेत्र विशेष के लिये परिवहन व्यय आदि जोड़कर उपभोक्ता क्रय दरें कलेक्टरों द्वारा निर्धारित की जाती है। राज्य में केरोसीन की उपभोक्ता दर रूपये 8.86 पैसे से रूपये 9.97 पैसे प्रतिलीटर तक हैं। प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को राशनकार्ड पर कम से कम 4 लीटर तथा नगरीय क्षेत्र के उपभोक्ताओं को राशनकार्ड पर 4 लीटर प्रदाय किया जाता है। भारत शासन के निर्देशानुसार एल.पी.जी. के डबल बाटल कनेक्शनधारी को केरोसीन नहीं दिया जाता है, जबकि सिंगल बाटल कनेक्शनधारी उनके राशनकार्ड पर उक्त निर्धारित मात्रा से आधी मात्रा में केरोसीन दिया जाता है। इसके अतिरिक्त बिना राशनकार्ड के उपभोक्ता को फ्रीसेल पर 2 लीटर प्रति व्यक्ति केरोसीन उपलब्ध कराया जाता है। उपभोक्ताओं को समय पर केरोसीन उपलब्ध कराने हेतु थोक केरोसीन विक्रेताओं को उन्हें आवंटित मात्रा को माह की 10 तारीख तक 60 प्रतिशत, 17 तारीख तक 85 प्रतिशत तथा 25 तारीख तक शतप्रतिशत उठाव के निर्देश हैं। राज्य में केरोसीन उपभोक्ताओं को सही दर एवं मात्रा में उपलब्ध कराने के लिये नियमित जांच एवं विशेष जांच अभियान चलाया जाता है। उचित मूल्य दुकान स्तर पर इसकी निगरानी के लिये जनप्रतिनिधि (सरपंच/पार्षद) की अध्यक्षता में निगरानी समिति भी बनाई गई है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के केरोसीन के दुरूपयोग रोकने हेतु राज्य शासन द्वारा वर्ष 2004 में केरोसीन टैंकरों पर नीले रंग की पट्टी में लगाने के निर्देश दिये गये हैं एवं पालन कराया जा रहा है।

प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थों का वितरण 1592 पेट्रोल एवं डीजल पम्पों तथा 500 एल.पी. जी. डीलर्स के माध्यम से उपभोक्ताओं को कराया जाता है। कंपनीवार विवरण तथा एल.पी.जी. बाटलिंग प्लांट की जानकारी क्रमशः परिशिष्ट दस, 'ग्याराह' तथा 'बारह' में दी गई है।

पायलट प्रोजेक्ट जन केरोसीन परियोजना

भारत सरकार पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा पायलट प्रोजेक्ट जन केरोसीन परियोजना दिनांक 2.10.2005 से लागू की गई है। प्रदेश में 48 जिलों में से 25 जिलों के 31 विकासखण्डों का चयन किया गया है।

चयनित विकासखण्डों में से 28 विकासखण्डों में जन केरोसीन परियोजना संचालित है। इस परियोजना अतंर्गत संचालित स्थानों में आयल कम्पनी के डीलर्स अपने कारोबार स्थल पर

केरोसीन भूमिगत् टैंक में प्राप्त करके डिस्पेंसिग यूनिट से प्रदाय करते है। यह केरोसीन ड्रमों के माध्यम से उचित मूल्य की दुकान तक पहुचानें का प्रावधान है। इस परियोजना में 18 स्थानों पर आयल कम्पनी के निजी थोक डीलर तथा 10 स्थानों पर म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन थोक डीलर के रूप में कार्यरत् है। विवरण परिशिष्ट तेराह में दर्शित है।

निरीक्षण, निगरानी, ऑडिट, जनभागीदारी

सभी कलेक्टरों से अपेक्षा की गई है कि राजस्व, सहकारिता एवं खाद्य विभाग के अमले को सम्बद्ध करते हुए निरीक्षण रोस्टर तैयार करावे और सुनिश्चित करे कि प्रत्येक उचित मूल्य दुकान का दो माह में कम से कम एक बार निरीक्षण हो तथा एक ही अधिकारी द्वारा किसी दुकान के निरीक्षण की अगले माह पुर्नरावृति न हो ।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं उपभोक्ता वस्तुओं के मूल्य पर प्रभावी निगरानी रखने के लिए जिला स्तर पर निगरानी के अधिकार जिला कलेक्टर को सौंपे गये हैं। इस समिति के सदस्य सचिव जिला आपूर्ति नियंत्रक/अधिकारी हैं। विकासखण्ड स्तर पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली निगरानी समितियों के गठन की व्यवस्था है, जिसके अध्यक्ष जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सदस्य सचिव होते हैं। समिति द्वारा माह में एक बार अथवा आवश्यकतानुसार बैठक बुलाई जा सकती है।

प्रत्येक उचित मूल्य दुकान स्तर पर सतर्कता समिति गठित है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस समिति के अध्यक्ष सरपंच ग्राम पंचायत एवं संयोजक पंचायत सचिव होते हैं। नगरीय क्षेत्रों में इस समिति के अध्यक्ष पार्षद होते हैं। समिति यह सुनिश्चित करती है कि दुकान पर पहुंची हुई सामग्री का प्रमाणीकरण, उचित मूल्य दुकान पर विहित विवरण प्रदर्शित किए जाते हैं, दुकानें निर्धारित दिन एवं समय पर खुलती हैं, दुकानदार द्वारा आवंटन के अनुसार सामग्री प्राप्त कर निर्धारित मात्रा में पात्र व्यक्तियों को प्रदाय की जाती है एवं अन्त्योदय अन्न योजना के खाद्यान्न एवं नीले केरोसीन की प्राप्ति एवं वितरण की समीक्षा, उपभोक्ताओं से समुचित व्यवहार किया जाता है।

जिला स्तर पर प्राप्त आवंटन व जिले में अनुविभाग/तहसीलवार पुनरावंटन की सूचना संबंधित क्षेत्र के समाचार पत्रों में नियमित रूप से प्रकाशित की जाती है। इसके साथ ही क्षेत्रीय सांसद, विधायक तथा संबंधित संस्थाओं को भी आवंटन की प्रति दी जाती है।

सिटीजन चार्टर

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग कृतसंकल्पित है कि नागरिकों के लिए उत्तरदायी और पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध हो। विभाग द्वारा विगत वर्षो में विभाग द्वारा सिटीजन चार्टर का प्रकाशन कर सफलतापूर्वक कियान्वयन किया गया है। प्राप्त अनुभवों को दृष्टिगत रखते हुए इस सिटीजन चार्टर को और अधिक जनोपयोगी बनाने के लिए परिष्कृत किया गया है।

इसके मुख्य बिन्दु निम्नानुसार हैः–

1. पारदर्शिता – विभाग की कार्यवाहियों में पारदर्शिता लाने के लिए पंचायतों एवं स्थानीय संस्थाओं को हितग्राहियों के चयन एवं राशनकार्ड जारी करने के अधिकार

दिए गए है।

2. आवश्यक वस्तुओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक निर्देश ।

3. दुकानों की व्यवस्था, राशनकार्ड एवं खाद्यान्न वितरण करने के लिए समय–सीमाएं निर्धारित की गई है तथा प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही का निर्धारण किया गया है।

4. सूचना का अधिकार – उचित मूल्य दुकानों तथा आवंटन उठाव से संबंधित जानकारियां प्रदाय करने के लिये समय–सीमा एवं दायित्वों का निर्धारण, पालन न करने पर दोषी के विरूद्ध कार्यवाही का प्रावधान किया गया है।

5. जनभागीदारी– सार्वजनिक वितरण प्रणाली की सतत् निगरानी हेतु उचित मूल्य दुकान एवं जनपद स्तरीय निगरानी समितियों का गठन किया गया है।

6. नियमों का सरलीकरण एवं अनावश्यक प्रपत्रों एवं जानकारियों से मुक्ति।

7. उपभोक्ताओं के हित को संरक्षण करने के लिये जिला फोरमों की स्थापना।

8. नाप तौल विभाग में उपकरणों के सत्यापन मुद्रांकन तथा अनुज्ञप्ति दिये जाने अथवा नवीनीकरण की समय–सीमायें निर्धारित की गई है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सूचना का अधिकार

कोई भी नागरिक उचित मूल्य दुकानों में संधारित किए जाने वाले राशनकार्ड रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर एवं विक्रय रजिस्टर की प्रतिलिपि रूपये 2.00 प्रति पृष्ठ के मान से शुल्क जमा कराकर आवेदक अधिकतम 3 माह पूर्व की जानकारी प्राप्त कर सकते है। जानकारी उपलब्ध कराने हेतु समय सीमा निर्धारित। जानकारी न देने पर जवाबदारी निर्धारण का प्रावधान। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित दुकानों की जानकारी प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र निम्नांकित स्थानों पर दिये जा सकते हैं:–

क्रमांक	स्थान जहां पर आवेदन किया गया है	समय–सीमा
1	दुकान चलाने वाली सोसायटी	15 दिवस
2	जिले के सहकारी बैंक की शाखा	30 दिवस
3	शहर का सहकारी उपभोक्ता भंडार	07 कार्यकारी दिवस
4	जिला खाद्य कार्यालय	30 दिवस
5	खाद्य संचालनालय	30 दिवस

आवश्यक वस्तु अधिनियम के कियान्वयन से संबंधित जानकारी

भारत सरकार के दाल भंडार नियंत्रण आदेश 1977 के अनुज्ञापन के प्रावधानों से प्रदेष के व्यापारियों/उत्पादकों एवं कमीषन अभिकर्ताओं को छूट प्रदत्त है।

मध्यप्रदेष चावल अधिप्राप्ति (उद्ग्रहण) आदेष 1970 के अंतर्गत प्रदेश में मिलर द्वारा क्रय धान से उत्पादित चावल का एक निष्चित प्रतिषत राज्य शासन के निर्देशों के अनुसार भारतीय

खाद्य निगम को निर्धारित मूल्य पर लेव्ही में देने का प्रावधान है। चावल मिलर्स द्वारा निर्धारित मात्रा में कस्टम मिलिंग के उपरांत ही लेव्ही प्रदान करने की पात्रता होती है।

गेहूं, चावल, धान, एवं मोटे अनाज के साथ खाद्य तेल एवं तिलहनों के संव्यवहार पर कोई नियंत्रण आदेष लागू नही है तथा आवा–जाही पर भी कोई विभागीय प्रतिबंध नही है।

प्रदेश में वर्तमान में मुख्यतः निम्न नियंत्रण आदेश प्रभावशील हैं :

1. मध्यप्रदेश (खाद्य पदार्थ) वितरण नियंत्रण आदेश, 1960
2. मध्यप्रदेश (खाद्य पदार्थ) सार्वजनिक नागरिक पूर्ति स्कीम, 1991
3. मध्यप्रदेश चावल अधिप्राप्ति (उद्ग्रहण) आदेश, 1970
4. मध्यप्रदेश मिट्टी तेल व्यापारी अनुज्ञापन आदेश, 1979
5. म.प्र. मोटर स्प्रिट तथा हाईस्पीड डीजल ऑयल (अनुज्ञापन तथा नियंत्रण) आदेश, 1980
6. म.प्र. नाफ्था (अनुज्ञापन का नियत्रंण) आदेश, 2000
7. म.प्र. विलायक, रेफीनेट और स्लाफ (अनुज्ञापन का नियंत्रण) आदेश, 2000

निगरानी, मूल्य नियंत्रण एवं निरीक्षण तथा छापे

आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करने की दृष्टि से राज्य स्तर पर प्रति सप्ताह वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा कर प्रतिवेदित होने वाली कठिनाईयों का निराकरण किया जाता है।

नियंत्रण आदेशों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा त्रुटिकर्ताओं के विरूद्ध कार्यवाही के लिए पर्याप्त अमला उपलब्ध कराने की दृष्टि से विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ सहकारिता एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है तथा समय–समय पर संयुक्त अभियान चलाए जाते हैं। इस दिशा में कलेक्टरों से अपेक्षा की गई है कि वे आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता, उनके मूल्यों, मारे गए छापों एवं अन्य विशेष घटनाओं की जानकारी नियमित रूप से संचालनालय को दें। संचालनालय द्वारा दो बड़े नगरों भोपाल से दैनिक एवं इंदौर से साप्ताहिक आवश्यक वस्तुओं की मूल्य सूची प्राप्त कर केन्द्र शासन को भेजी जाती है।

समर्थन मूल्य पर खाद्यान्न उपार्जन

किसानों को उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली में खाद्यान्नों के पर्याप्त भंडारण के उद्देश्य से समर्थन मूल्य पर गेहूं, धान, ज्वार, मक्का एवं बाजरा की खरीदी की जाती है।

प्रदेश में गेहूं की खरीदी भारतीय खाद्य निगम एवं मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन द्वारा सहकारी समितियों के माध्यम से की जाती है। ज्वार, बाजरा, मक्का की खरीदी स्टेट सिविल सप्लाईज़ कार्पोरेशन द्वारा की जाती है।

इस खरीफ वर्ष में समर्थन मूल्य योजना अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम द्वारा प्रदेष में जबलपुर संभाग के समस्त जिले म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज़ कार्पोरेशन द्वारा रीवा संभाग के समस्त जिले तथा म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा प्रदेश के शेष जिलों में धान उपार्जन का कार्य किया गया है। खरीदी गई धान की मिलिंग कराकर उससे निर्मित चावल भारतीय

खाद्य निगम के गोदामों में संग्रहित किया जाता है। इसके बदले में इन एजेन्सियों को भारतीय खाद्य निगम से निर्धारित इन्सिडेंटल एवं मिलिंग व्यय प्राप्त होते हैं। उपार्जन में लगी राज्य सरकार की एजेंसियों को भारतीय खाद्य निगम से वास्तविक व्ययों की पूरी प्रतिपूर्ति नहीं हो पाती है जिसके कारण उन्हें इस कार्य में हानि होती है। राज्य सरकार इस हानि की अपने बजट प्रावधान के द्वारा प्रतिपूर्ति करती है। अवर्षा से प्रभावित क्षेत्रों के कृषकों को उनकी उपज का लाभ दिलाने की दृष्टि से भारत शासन से समर्थन मूल्य पर बाजरा एवं धान के उपार्जन हेतु गुणवत्ता के निर्धारित मापदण्डों से छूट प्राप्त की गई है।

केन्द्र शासन द्वारा वर्ष 2006–2007 में खाद्यान्नों के निम्नानुसार समर्थन मूल्य घोषित किए गए हैं :–

(रू. प्रति क्विंटल)

क्रमांक	खाद्यान्न	केन्द्र शासन द्वारा घोषित समर्थन मूल्य
1	गेहूं	650 (वर्ष 2007–08 में रू. 750)
2	धान (कॉमन)	580
3	धान (ग्रेड 'ए')	610
4	बाजरा एवं ज्वार	540
5	मक्का	540
	2007–08	750

वर्ष 2006–07 के लिए भारत सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदी हेतु धान में रू. 40/– एवं गेहूं में रू. 50/– प्रति क्विंटल बोनस घोषित किया गया। विगत् वर्षों की तुलनात्मक समर्थन मूल्य की स्थिति परिशिष्ट 'चौदह' में दी गई है।

क्रमांक	खाद्यान्न का नाम	समर्थन मूल्य पर खरीदी गई मात्रा (मे.टन)
1	गेहूं	00
2	धान	104364 (20.02.2007 तक)

गत वर्षों की तुलना में खाद्यान्न उपार्जन की स्थिति परिशिष्ट 'चौदह' में दी गई है।

वर्ष 1999–2000 से राज्य में गेहूं का विकेन्द्रीकृत उपार्जन की योजना लागू की गई है। विकेन्द्रीकृत उपार्जन की योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज़ कार्पोरेशन के माध्यम से उपार्जित गेहूं सार्वजनिक वितरण प्रणाली में प्रदाय किया जाता है। इससे जहां दोहरे हैण्डलिंग एवं परिवहन व्यय में बचत होकर व्यय में उल्लेखनीय कमी आई है, दूसरी ओर प्रदेश में ही उपार्जित गेहूं उचित मूल्य की दुकानों को मिलने से उपभोक्ताओं को भी गुणवत्ता का लाभ मिला है।

विगत् वर्षो की समर्थन मूल्य के अतंर्गत गेंहू एवं चावल की खरीदी की वर्षवार तुलनात्मक जानकारी परिशिष्ट 'पन्द्रह' मे दी गई है।

चावल उपार्जन

शासन द्वारा लेव्ही आदेश 1970 के अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2006–2007 में प्रदेश की चावल मिलों पर अरवा चावल के उत्पादन पर 40% लेव्ही देने का प्रावधान है। पिछले साल की तरह ही कस्टम मिलिंग उत्पादन क्षमता की 35 प्रतिशत रहेगी शेष चावल पर लेव्ही 40% रहेगी। व्यापारियों को लेव्ही से मुक्त रखा गया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली हेतु आवश्यकता को देखते हुए लेव्ही के रूप में केवल अरवा चावल ही लिया गया है । आधा टन की क्षमता की

चावल मिलों को ऐसी धान कुटाई पर छूट है जिसे एक किसान परिवार 6 क्विंटल तक कुटवाने के लिए लाता है। इसी प्रकार हलर्स द्वारा स्थानीय किसानों का धान कूटे जाने पर लेव्ही देय नहीं है बशर्ते कुटाई किसी वाणिज्यिक उद्देश्य से नहीं होनी चाहिए। लेव्ही व्यवस्था को मिलिंग के प्रावधान से जोड़ने का निर्णय लिया गया है अर्थात जो मिलर्स अनिवार्य रूप से कस्टम मिलिंग करेगें उन्हीं से लेव्ही में चावल लिया जायगा। एजेंसियों के पास उपलब्ध धान के स्टाक की मिलिंग समय सीमा में हो सके, इसको सुनिश्चित करने के लिये लेव्ही में एक लाट, कस्टम मिलिंग कर भारतीय खाद्य निगम के गोदामों में चावल जमा कराने के उपरांत ही लिया जायेगा। दिनांक 20.2.2007 तक लेव्ही में 7584 मे0टन चावल प्राप्त हुआ है। गत वर्षों की तुलना में विवरणात्मक स्थिति परिशिष्ट 'सोलह' में दी गई है।

उपभोक्ता संरक्षण

उपभोक्ताओं को स्वयं शोषण के विरूद्ध न्याय प्राप्त करने के लिये न्यायालय तो हैं, परन्तु वह अधिक खर्चीले तथा उसमें अधिक समय लगता था इसलिये उपभोक्ताओं को अपनी वाजिब षिकायत का कम खर्चीले, त्वरित तथा सुलभ तरीके से निराकरण करने के लिये वर्ष 1986 में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किया गया तथा आवष्यकतानुसार इसमें संषोधन किया जाता रहा है। इसमें तीन स्तरीय व्यवस्था है (1) राष्ट्रीय आयोग (2) राज्य स्तरीय विवाद प्रतितोषण आयोग (3) जिला उपभोक्ता फोरम।

राज्य शासन का प्रयास है कि शासन द्वारा उपभोक्ताओं के संरक्षण प्रदान करने की सुविधा को जनसामान्य तक पहुंचायें। इस मंशा से प्रदेश में एक राज्य स्तरीय उपभोक्ता मार्गदर्शन केन्द्र की स्थापना की गई जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को निःशुल्क कानूनी सलाह प्रदान करना है तथा जिलों में केन्द्रीय सरकार से प्राप्त वित्तीय सहायता पर जिला उपभोक्ता सूचना केन्द्र की स्थापना की जा रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों के जनसामान्य को उपभोक्ता संरक्षण के प्रति जागृति उत्पन्न करने के लिये उपभोक्ता जागृति षिविर आयोजित करने के उद्देष्य से केन्द्रीय उपभोक्ता कल्याण निधि से वित्तीय सहायता का प्रावधान है।

उपभोक्ता संरक्षण को प्रोत्साहित करने के उदेदष्य से प्रतिवर्ष 15 मार्च को विष्व उपभोक्ता संरक्षण दिवस राज्य स्तर एवं जिलों में आयोजन किया जाता है। राज्य स्तरीय आयोजन में उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित विभागों एवं आयामो द्वारा प्रदर्षनी लगाई जाती है जिसमें इस संबंध में जानकारी दी जाती है व शील्ड से पुरस्कृत किया जाता है। उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित स्वैच्छिक संस्थाओं, व्यक्तियों से आवेदन पत्र प्राप्त किये जाते है, जिन्हें रूपये 30,000/- , 15,000/-तथा 5,000/- के तीन पुरस्कार दिये जाते हैं। इस अवसर पर उपभोक्ता संरक्षण पर राज्य स्तरीय पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को क्रमषः रू. 3,000, 2,000, 1,000 तीन पुरस्कार प्रदान किये जाते है। इसके अतिरिक्त संभाग स्तर पर भी उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित स्वैच्छिक संगठनों को तीन पुरस्कार रू. 3,000, 2,000 तथा 1,000 का पुरस्कार दिया जाता है।

इसके अतिरिक्त नई पीढ़ी को भी उपभोक्ता संरक्षण की जानकारी के लिए स्कूलों में स्कूल उपभोक्ता क्लब स्थापित किये जा रही हैं। स्कूली शिक्षा में उपभोक्ता संरक्षण विषय शामिल किये जाने का प्रस्ताव है तथा कालेजों, अनुसंधान केन्द्रों व शैक्षाणिक संस्थाओं को इस पर कार्य के लिए केन्द्र की केन्द्रीय उपभोक्ता कल्याण निधि से अनुदान प्राप्त करने के लिए प्रस्ताव भेजने के लिए इन्हें प्रोत्साहित करने का निर्देश है।

प्रदेश में कार्यरत जिला आपूर्ति नियंत्रक/अधिकारी को जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी भी घोषित किया गया है।

दुकान–सह–गोदाम का निर्माण

राज्य शासन द्वारा 50–50 मे.टन क्षमता के दुकान–सह–गोदाम का निर्माण कलेक्टर्स के माध्यम से कराया जाता है जिनके लिए राशि मांग संख्या 39, के अंतर्गत अनुदान के रूप में उपलब्ध कराई जाती है। वर्ष 2006–07 में मांग संख्या 39, के अंतर्गत प्रदेश के 62 गोदामों के निर्माण हेतु कुल राशि रू0 1,58,59,000/– का प्रावधान स्वीकृत है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के 19 जिलो को आदिवासी क्षेत्रों एवं विशेष घटक योजना के अंतर्गत गोदाम निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2006–07 के लिये 56 गोदामों के निर्माण हेतु राशि रू. 1,30,16,000/– का प्रावधान स्वीकृत किया गया है।

आयोडीनयुक्त नमक का वितरण

प्रदेश के 19 जिलों में 89 विकासखण्ड के अंतर्गत आयोडीनयुक्त नमक का वितरण का कार्य म.प्र.स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के माध्यम से कराया जा रहा है। इस हेतु वर्ष 2006–07 में राशि रू. 5,00,00,000/– का आदिवासी उपयोजना के अंतर्गत प्रावधान स्वीकृत है।

संसदीय कार्य

वर्ष 2006 में विधान सभा प्रश्न– 312, ध्यानाकर्षण सूचना– 34, शून्यकाल सूचना– 03, आश्वासन– 06 सूचना क्रमांक– 15 कुल 370 प्राप्त हुए, जिनके उत्तर तैयार कर भेजे गये।

न्यायालयीन प्रकरण

उपलब्ध जानकारी के आधार पर माननीय सर्वोच्च/उच्च न्यायालय तथा प्रशासनिक अधिकरण के पूरे प्रदेश में विभाग से संबंधित माह दिसंबर 2006 तक प्राप्त प्रकरणों की स्थिति निम्नानुसार हैः–

क्र.	न्यायालय का नाम	कुल प्रकरण	जवाबदावा प्रस्तुत	निर्णय पारित	कुल प्रचलित प्रकरण
1	2	3	4	5	6
1.	सर्वोच्च न्यायालय	08	06	05	03
2.	उच्च न्यायालय	574	219	82	492
3.	प्रशासनिक अधिकरण	126	84	08	118
	योग	708	309	95	615

बिन्दु क्रमांक 3 में दर्षित राज्य प्रशासनिक अधिकरण के दिनांक 12.5.03 को जारी अध्यादेश की 3 (2) के अनुसार राज्य प्रशासनिक अधिकरण में लंबित प्रकरण म.प्र.उच्च न्यायालय को अंतरित किये गये हैं।

मान. सर्वोच्च न्यायालय में प्रचलित याचिका क्रमांक 196/2001 पीपुल्स यूनियन फार सिविल लिबर्टीज विरूद्ध भारत शासन व अन्य में समय समय पर निर्णय पारित किये जाते हैं तथा याचिका क्रमांक 3249, 3250/2002 नागरिक उपभोक्ता मंच विरूद्ध भारत शासन (केरोसीन राउण्ड आफ राशि) में दिनांक 20.4.2004 को निर्णय पारित किया गया है।

महिला नीति 2003–2007

महिला नीति 2003–07 में विभाग से सीधे संबंधित कोई बिन्दु नही है। महिला नीति के अतंर्गत खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के पत्र क्रमांक एफ 7–34/2002/29–1 दिनांक 19.1.2004 अनुसार संयुक्त संचालक, खाद्य को नोडल अधिकारी नामांकित किया गया है।

प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान के पर्यवेक्षण एवं निगरानी के लिए उचित मूल्य दुकान स्तर पर विभाग के पत्र क्रमांक 7–11/104/29–1 दिनांक 26.2.2004 द्वारा स्व–सहायता समूह की महिला अध्यक्ष को सदस्य के रूप समावेश किया गया है। शहरी क्षेत्र में महिला प्राथमिक उपभोक्ता भंडार को उचित मूल्य दुकान आवंटित करने का प्रावधान है।

महिला नीति के अंतर्गत प्रदेश में संचालित पेट्रोल/डीजल पम्पों के समीपस्थ प्राथमिक सुविधाओं का लाभ दिये जाने के लिए महिला प्रसाधन निर्मित किये जाने के संबंध में भी कार्यवाही की जा रही है तथा उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये जाने की योजना है जिसमें 3 पुरस्कार हैं। इनमें से एक महिला को दिये जाने का प्रावधान किया गया है।

नापतौल (विधिक माप विज्ञान) स्थापना :

नापतौल स्थापना के नीतिगत दायित्व निम्नवत् हैं :–

1. नाप तौल से संबंधित अधिनियम तथा नियमों का परिपालन ।
2. व्यापार, व्यवसाय, औद्योगिक तथा मानव सुरक्षा में उपयोग में आने वाले उपकरणों की विषुद्धता (accuracy) बनाए रखना।
3. नापतौल उपकरणों का सत्यापन/मुद्रांकन हेतु षिविरों का आयोजन।
4. व्यापारिक संस्थानों की जांच एवं त्रुटिकर्ताओं के विरूद्ध नियमों के तहत कार्यवाही।
5. नापतौल उपकरणों के निर्माता, विक्रेता एवं सुधारकों को अनुज्ञप्तियां प्रदाय करना ।
6. नापतौल उपकरणों की संवेदनषील प्रयोगषालाओं का संधारण।
7. उपभोक्ताओं को नापतौल में संभावित षोषण से रक्षण।

विभागाध्यक्ष स्तर पर मुख्यालय भोपाल में नियंत्रक, संयुक्त नियंत्रक एवं दाषमिक अधिकारी पदस्थ हैं, 13 जिला स्तर पर उप /सहायक नियंत्रक एवं 65 जिला/तहसील स्तर पर निरीक्षक नापतौल के कार्यालय हैं ।

स्वीकृत पदों की स्थिति निम्नवत् है :–

(दिनांक 31.12.2006 की स्थिति में)

क्रमांक	पदनाम	स्वीकृत पद	कार्यरत पद
1	नियंत्रक	1	1
2	संयुक्त नियंत्रक	1	1
3	उप नियंत्रक (जिला स्तर)	4	4
4	सहायक नियंत्रक (जिला स्तर)	9	7
5	दाषमिक अधिकारी	1	1

6	निरीक्षक	109	83
7	तृतीय श्रेणी (लिपिकीय)	190	140
8	चतुर्थ श्रेणी	202	106
9	वाहन चालक	5	5

पदकम सूची की स्थिति

दिनांक 1.4.2006 की स्थिति में निम्नानुसार पदक्रम सूची (राज्य स्तरीय) जारी की गईः–

(1) राजपत्रित अधिकारी
(2) तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक)
(3) तृतीय श्रेणी (लिपिकीय)
(4) चतुर्थ श्रेणी
(5) वाहन चालक

विभाग का मुख्य कार्य व्यापारियों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में उपयोग हो रहे नाप तौल उपकरणों का सत्यापन, पुनःसत्यापन एवं मुद्रांकन करना है। व्यावसायियों को अपने बांट माप उपकरणों को अधिक दूर न ले जाना पड़े, इस हेतु प्रदेष में पुनः सत्यापन/मुद्रांकन षिविरों का आयोजन किया जाता है। निरीक्षक नाप तौल इन षिविरों के आयोजन तथा पुनः सत्यापन हेतु पूर्णतः जिम्मेदार है।

प्रत्येक निरीक्षक कार्यालय में आउटडोर तथा इनडोर वर्किंग स्टैण्डर्ड लैबोरेटरी (प्रयोगषालाएं) स्थापित है। निरीक्षकों द्वारा आउटडोर वर्किंग स्टेण्डर्डस (कार्यकारी मानक) द्वारा सुदूर ग्रामीण अंचलों में आयोजित षिविरों में व्यापारियों के नाप तौल उपकरणों का सत्यापन एवं मुद्रांकन का कार्य किया जाता है।

बड़े जिला मुख्यालयों पर उप/सहायक नियंत्रकों के कार्यालय में उच्च क्षमतायुक्त सेकेण्डरी स्टेण्डर्ड से सुसज्जित 13 लेबोरेटरीज (प्रयोगषालाऐं) स्थापित हैं, जहां पर निरीक्षक कार्यालयों के उपर्युक्त वर्किंग (कार्यकारी) स्टेण्डर्डस का सत्यापन एवं मुद्रांकन का कार्य किया जाता है।

48 जिला मुख्यालयों एवं 16 तहसील मुख्यालयों में कुल 65 वर्किंग स्टेण्डर्डस (कार्यकारी मानक) लेबोरेटरीज (प्रयोगषालाऐं) यांत्रिक उपकरणों से सुसज्जित है जिनमें से वर्ष 2004–05 में 2 को एवं वर्ष 2005–06 में 13 प्रयोगशालाओं को इलेक्ट्रानिक उपकरणों से सुसज्जित किया गया है।

राजस्व आय

बांट और माप उपकरणों के सत्यापन, पुनः सत्यापन एवं मुद्रांकन किए जाने पर षासन को षुल्क के रूप में राजस्व आय की प्राप्ति होती है, इसके अलावा उपर्युक्त वर्णित अधिनियम एवं नियमों के अंतर्गत अपराध प्रकरणों से राजीनामा षुल्क एवं अन्य विविध कार्यों से षुल्क प्राप्त किया जाता है, जिसकी उपलब्धि वर्षवार अधोलिखित है :–

(राषि करोड़ रूपयों में)

वित्तीय वर्ष	प्राप्त आय
2002–2003	4.21

2003–2004	4.61
2004–2005	4.83
2005–2006	5.29
2006–2007 (दिसंबर 2006 तक)	2.29

अपराधों का पंजीयन

व्यावसायियों द्वारा त्रुटिपूर्ण बांट एवं माप उपकरणों के प्रयोग से, आम उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी से बचाए जाने के दृष्टिकोण से विभाग के अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण एवं आकस्मिक रूप से छापे मारकर, इन संस्थानों की बाजार में स्थापित दुकानों, पेट्रोल पम्पों, रसोई गैस संस्थानों की जांच की जाती है। दोषी पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों एवं व्यावसायियों के विरूद्ध नाप तौल विधि एवं प्रक्रियाओं के अंतर्गत अभियोजन की कार्यवाही की जाती है।

वित्तीय वर्ष	दर्ज अपराध प्रकरणों की संख्या
2002–2003	5721
2003–2004	6655
2004–2005	9618
2005–2006	10117
2006–2007(दिसंबर 2006 तक)	7140

अनुज्ञप्तियां

नाप तौल उपकरणों के निर्माण, विक्रय अथवा सुधार कार्य करने के इच्छुक व्यक्तियों को नियमानुसार आवेदन करना जॉच एवं निर्धारित षुल्क प्राप्त कर अनुज्ञप्ति प्रदाय करना होती है।

बिना वैध अनुज्ञप्ति के नाप तौल उपकरणों का निर्माण, विक्रय एवं सुधार करना अवैधानिक है। अनुज्ञप्तियां प्राप्त करना, अधिनियम के अंतर्गत प्रावधानित है। विभाग द्वारा जारी की गई अनुज्ञप्तियों की संख्या अधोलिखित अनुसार है :–

1. निर्माता अनुज्ञप्ति 025
2. विक्रेता अनुज्ञप्ति 631
3. सुधारक अनुज्ञप्ति 494

न्यायालयीन प्रकरणों की स्थिति

प्राप्त सभी न्यायालयीन प्रकरणों में प्रभारी अधिकारी नियुक्त है तथा 2 प्रकरणों को छोड़कर सभी प्रकरणों में जवाबदावे प्रस्तुत किए जा चुके है। न्यायालयीन प्रकरणों का विवरण निम्नानुसार है:–

1. माननीय सर्वोच्च न्यायालय 03 (प्रवर्तन संबंधी)
2. माननीय उच्च न्यायालय 22 (स्थापना संबंधी)

13 (प्रवर्तन संबंधी)

संसदीय कार्यः–

वर्ष 2006 में विधान सभा एवं राज्य सभा से प्राप्त प्रष्नों की जानकारी समय पर भेजी गई। विवरण निम्नानुसार है–

विधान सभा प्रष्न–		
	तारांकित	21
	अतारांकित	26
	ध्यानाकर्षण सूचना	02
	अशासकीय संकल्प	–
राज्य सभा		–
लोक सभा		04

नापतौल कार्यालय का बजट

नापतौल कार्यालय का बजट मुख्यतः आयोजनेत्तर है। केन्द्र शासन एवं राज्य शासन से विषेष कार्यो के लिये प्राप्त राषियां आयोजना मद में स्वीकृत होती है। विगत 3 वर्षो में आयोजनेत्तर/आयोजना बजट में निम्नानुसार राषि स्वीकृत/व्यय हुई है :–

मांग संख्या 39 नाप–तौल

(राशि लाख रूपयों में)

स. क्रं.	वित्तीय वर्ष	बजट आयोजनेत्तर	व्यय आयोजनेत्तर	बजट आयोजना	व्यय आयोयना
1	2003–2004	420.18	330.50	7.00	–
2	2004–2005	423.29	371.19	25.00	24.60
3.	2005–2006	412.10	357.32	7.00	6.96

वर्ष 2006–2007 के लिये आयोजनेत्तर/आयोजना प्रावधान एवं व्यय की जानकारी निम्नानुसार हैः–

(राशि हजार रूपयों में)

क्र.	मद	बजट	व्यय(दिनांक 1.4.06 से 31.12.06 तक)
1.	**आयोजनेत्तर**		
	नापतौल विभाग		
	शीर्ष 3475–अन्य सामान्य आर्थिक सेवायें 106 भार और नाप का विनिमयन 6112–मुख्यालय एवं संभागीय कार्यालय		
	मतदेय	432.71	283.15
	भारित	0.50	–
2.	**आयोजना**		

शीर्ष 3475–अन्य सामान्य आर्थिक सेवायें 0101– राज्य आयोजना सामान्य 6113–संभागीय कार्यालय का सुदृढ़ीकरण (नाप–तौल)	10.00	–

राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग

उपभोक्ता के षोषण को समाप्त करने व उपभोक्ताओं की वाजिब षिकायतों को कम खर्चीले, त्वरित, सरल तथा सुलभ तरीके से निराकरण करने के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अंतर्गत राज्य स्तर पर दिनांक 1.1.90 को भोपाल में मध्यप्रदेष राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग का गठन किया गया है जिसने दिनांक 01.09.90 से कार्य करना प्रारम्भ किया। इसके अतिरिक्त मध्य प्रदेष राज्य मे समस्त 45 जिला मुख्यालयों पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम गठित किए गए हैं जिसमें से 23 जिलों पर पूर्णकालिक एवं 22 जिलों पर अंषकालिक रूप से जिला फोरम कार्यरत हैं। राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, भोपाल के कैम्प कोर्ट, जबलपुर, इन्दौर तथा ग्वालियर में स्थापित किया गया है। ऐसी षिकायतें जिनका मूल्य रू. 20.00 लाख तक होता है, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम के समक्ष प्रस्तुत की जाती हैं। यदि षिकायत रूपये 20.00 लाख से रूपये 1.00 करोड़ तक के मूल्य की होती है तो ऐसी षिकायतों को राज्य आयोग के समक्ष उपभोक्ता कर सकता है। यदि कोई पक्षकार जिला फोरम के निर्णय/आदेष से असंतुष्ट होता है तो वह ऐसे आदेष के 30 दिन के भीतर राज्य आयोग में अपील प्रस्तुत कर सकता है। प्रदेष में राज्य आयोग तथा जिला उपभोक्ता फोरम सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं। उपभोक्ताओं की षिकायतों का भलीभांति निराकरण इनके द्वारा किया जा रहा है। राज्य आयोग एवं जिला फोरम हेतु निम्नानुसार पद स्वीकृत हैं :–

राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग

कमांक	पदनाम	स्वीकृत पद संख्या
1	अध्यक्ष	1
2	सदस्य	2
3	रजिस्ट्रार	1
4	प्रषासनिक अधिकारी	1
5	निज सचिव	1
6	अकाउण्टेन्ट	1
7	क्लर्क ऑफ कोर्ट	1
8	स्टेनोग्राफर	4
9	लायब्रेरियन	1
10	असिस्टेंट	2
11	स्टेनो टाइपिस्ट	1
12	रीडर	2
13	नाजिर कम रिकार्ड कीपर	1
14	आफिस मोहर्रिर कम डिस्पेचर	1
15	निम्न श्रेणी लिपिक	4
16	फाईलिंग क्लर्क	1
17	वाहन चालक	2

18	प्रोसेस सर्वर	1
19	भृत्य	9
20	फाईलिंग भृत्य	1
21	फर्राष	1
	योग	39

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम

क्र0	पदनाम	स्वीकृत पद संख्या
1	अध्यक्ष	24
2	सदस्य	90
3	क्लर्क ऑफ कोर्ट	20
4	स्टेनोग्राफर	24
5	स्टेनो टाइपिस्ट	28
6	रीडर	24
7	नाजिर कम रिकार्ड कीपर	14
8	उच्च श्रेणी लिपिक लेखा का ज्ञान रखने वाला	20
9	आफिस मोहर्रिर कम डिस्पेचर	14
10	निम्न श्रेणी लिपिक	37
11	वाहन चालक	21
12	प्रोसेस सर्वर	19
13	भृत्य	76
14	फर्राष	24
	योग	435

वर्तमान में इन्दौर, उज्जैन, रीवा, ग्वालियर, जबलपुर, भोपाल, सागर, होषंगाबाद, मुरैना, गुना, मंदसौर, सिवनी, धार, सतना, खण्डवा, षिवपुरी, भिण्ड, छिन्दवाड़ा, विदिषा, रतलाम, कटनी, दमोह तथा छतरपुर जिले में पूर्णकालिक जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम कार्यरत हैं तथा सीधी, राजगढ़, शाजापुर, मण्डलेश्वर (खरगौन), देवास, सीहोर, बैतूल, बड़वानी, बालाघाट, शहडोल, पन्ना, झाबुआ, नरसिंहपुर, टीकमगढ़, दतिया, रायसेन, उमरिया, डिण्डोंरी, हरदा, नीमच, श्योपुरकला कुल 22 जिलों में अंशकालिक उपभोक्ता फोरम कार्यरत हैं, जो पूर्णकालिक जिला फोरम से संबद्ध किये गये हैं। इस प्रकार प्रदेश के 45 जिला उपभोक्ता फोरम कार्यरत हैं। नवीन जिला बुरहानपुर, अशोक नगर एवं अनूपपुर में जिला फोरम के गठन की कार्यवाही चल रही है। (परिशिष्ठ उन्नीस)

